अध्याय- 11
कितनी बड़ी दिखती

दिए गए शब्दों के अर्थ लिखो लिखिए

प्याला- कटोरी । कौर- टुकड़ा ।सुराख- छेद।
बैरगिया- सूखा ।इक-एक। भात -चावल । पात-पत्ता।
दरपन- शीशा। मनुज - मनुष्य।

सही उत्तर पर सही का निशान लगाओ-

1.कितनी बड़ी दिखती होगी कविता के कवि कौन है?
क.रवीना ठाकुर ख. ठाकुर श्री नाथ सिंह [√] ग. मुंशी प्रेमचंद
2. मक्खी को फूल कैसे दिखता है?
क. कांटा जैसा ख.गुलदस्ते जैसा[√] ग.भाला जैसा
3.मक्खी को काटा कैसे लगता है ?
क.गुलदस्ता जैसा ख.फूल जैसा ग.भाले जैसा[√]

दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो-

1.कितनी बड़ी दिखती होगी कविता के कवि कौन हैं?
उत्तर- कितनी बड़ी दिखती होगी कविता के कवि ठाकुर श्रीनाथ सिंह है।
2.कवि ने इस दुनिया को किसकी नजर से देखा है?
उत्तर- कवि ने इस दुनिया को मक्खी के नजर से देखा है ।
3. मक्खी को सागर कैसा दिखाई देता है?
उत्तर- मक्खी को सागर एक जल से भरा प्याली जैसा दिखाई देता है ।
4.मक्खी को ओस की बूँदें कैसे दिखती है ?
उत्तर- मक्खी को ओस की बूँदें दर्पण जैसी दिखती है।

Scanned with CamScanner

दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखो-
अंग ,विश्व, सागर ,सुगंध
अंग - शरीर, भाग, अंश।
विश्व - जग, जगत, संसार ।
सागर- समुद्र ,रत्नाकर, जलधि।
सुगंध- सौरभ, सुरभि ,खुशबू, महक।

निम्न के विलोम शब्द लिखो मानव , गुण, खट्टा, राजा , फूल, जीवन
मानव- दानव। गुण- अवगुण ।खट्टा- मीठा। राजा- रानी। फूल- काँटा। जीवन -मरण।

दिए गए वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्टक में दी गई धातुओं के आधार पर करें-
क. मैंने कल्पना पर आधारित कहानी **पढ़ी** ।
ख.किसान ने फसल **उगाई** ।
ग.अंकित जोर जोर से **हँसा** ।
घ.वह खेलने **जाता** है।
ङ. नेहा बहुत कम **बोलती** है।

निम्न क्रिया शब्दों से एक एक वाक्य बनाओ-
खाती ,जाता ,दिखती, पीती बहता
1.वह खाना खाती है ।
2.मनु सुबह सैर के लिए जाता है ।
3.मक्खी को ओस की बूँद दर्पण सी दिखती है।
4.तितली पैरों से फूलों का रस पीती है ।
5.नदी में पानी बहता है।

Scanned with CamScanner